आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.02.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- एक ज़िला–एक उत्पाद के तहत देश के प्रत्येक जिले की समृद्ध पाक विरासत को बढ़ावा देने के लिए नई पहल की शुरूआत ।
- समाज कल्याण विभाग की ओर से सी आर सी में दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य यात्रा का शुभारंभ ।
- स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग, श्री विजयपुरम ने लोगों से खाद्य तेल की खपत को कम करने का अनुरोध किया।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से सम्पत्ति कर, जल शुल्क और बाज़ार किराया का भुगतान करने का आग्रह।

<><><><><><><>

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की ओर से देश के प्रत्येक जिले की समृद्ध पाक विरासत को बढ़ावा देने के लिए एक पहल की शुरूआत कर रहा है, जो एक जिला एक उत्पाद पहल के समान है। यह पहल प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल फॉर लोकल' दृष्टिकोण के अनुरूप है। इसका उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले के अनूठे व्यंजनों, सामग्रियों और खाद्य विशेषताओं को प्रदर्शित करना है, जिससे घरेलू और वैश्विक स्तर पर उनकी पहचान बढ़े। इस सिलसिले में द्वीपसमूह के लोगों और हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। सुझाव के साथ व्यंजन का नाम, मूल जिले का विवरण, उत्पाद की विशिष्टता, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता और उत्पाद की तस्वीरें भी भेजने का आग्रह किया गया है। विवरण उद्योग निदेशालय में चौदह फरवरी तक व्यक्तिगत या ईमेल द्वारा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग ने आज समग्र क्षेत्रीय कौशल विकास केन्द्र–सी आर सी में दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य यात्रा का शुभारंभ किया। सुगम्य यात्रा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिक दिव्यांगजनों की विभिन्न पहुंच संबंधी आवश्यकताओं को पहचान सके। इस अवसर नोडल अधिकारी रीता देवी ने प्रशासन की पहल और गति को बनाए रखने के लिए यात्रा रणनीति की जानकारी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता द्वीपसमूह के दिव्यांगजनों के आयुक्त सी. उदय कुमार और रविन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर करीब अस्सी दिव्यांगजनों ने अपने अभिभावकों के साथ भाग लिया।

<><><><><><><>

बागवानी के समग्र विकास के लिए, उच्च मूल्य कृषि विकास एजेंसी की ओर से बागवानी के एकीकृत विकास के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। इसमें फल, मसाले, फूल, सब्जियां हाइब्रिड, मधुमक्खी पालन, बागवानी मशीनीकरण शामिल है। इसके अलावा, नारियल के बागानों के कायाकल्प और पुनःरोपण के लिए, सीडीबी योजनाओं के तहत सब्सिडी का लाभ उठाया जा सकता है। इस सिलसिले में अगली बैठक इस माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएगी। परियोजना कार्यान्वयन करने वाले लाभार्थी और किसान इस वित्तीय वर्ष में सब्सिडी प्राप्त करने के लिए अपने निकटतम कृषि उप–डिपो या क्षेत्रीय कार्यालय में पन्द्रह फरवरी, तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग ने खाद्य तेल की खपत को दस प्रतिशत तक कम करने के लिए अभियान चलाया। इससे स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलेगा और इससे जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों को कम किया जा सकेगा। इस पहल के तहत, स्वास्थ्य शिक्षक यूसुफ ने जी.बी. पंत अस्पताल के ओपीडी परिसर में आयोजित स्वास्थ्य वार्ता में तेल के सेवन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस सत्र में उपस्थित लोगों को अत्यधिक तेल के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों, जैसे मोटापा और हृदय संबंधी बीमारियों के बारे में बताया गया और संयम के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए गए। आकाशवाणी से खास बातचीत में स्वास्थ्य शिक्षक ने लोगों से खाद्य तेल का कम से कम उपयोग करने का अनुरोध किया।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से आम जनता और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को सम्पत्ति कर, जल शुल्क और बाज़ार किराया का भुगतान करने को कहा गया है। बकाया भुगतान पन्द्रह मार्च तक किया जा सकता है। भुगतान न करने पर परिषद नगरपालिका विनियम और अंडमान निकोबार द्वीपसमूह नगरपालिका उप–नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। नगरपालिका बकाया वसूली अभियान कल से हर शनिवार को सुबह नौ बजे से निर्धारित स्थानों पर चलाया जाएगा।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित सूर्या फाउंडेशन इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन, चिन्मय मिशन में "प्राकृतिक चिकित्सा–योग के माध्यम से वृद्धावस्था देखभाल विषय पर शिविर" का आयोजन करेगा। आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान के सहयोग से कल सुबह दस बजे आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और योग के विशेषज्ञ लोगों को संबोधित करेंगे। सूर्या फाउंडेशन इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन एक सामाजिक संगठन है, जो समग्र विकास के लिए समर्पित है और राष्ट्र निर्माण के साथ–साथ योग और प्राकृतिक चिकित्सा के ज्ञान और लाभों को हर घर तक पहुँचाने के लिए सकारात्मक प्रयास कर रहा है।

<><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ–सफाई और स्वच्छता का ज़ायज़ा लेने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर और पद्‌मश्री नरेश चन्द्र लाल ने आज सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मोहनपुरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से स्कूल के साथ–साथ अपने आस–पास के क्षेत्रों को भी स्वच्छ रखने का आग्रह किया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या पुष्पा देवी मिश्रा उनके साथ उपस्थित थी।

<><><><><><><>

छोलदारी सब–डिविजन में एच टी और एल टी लाइनों के रखरखाव के कारण कल टाइगर फीडर और आउटर फीडर में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती कल सुबह आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक की जाएगी। प्रभावित क्षेत्रों में टेलराबाद, सीप्पीघाट, छोलदारी, डंडस प्वाइंट, टुसनाबाद से तिरूर, वन्डूर, धन्नीखाड़ी और नया शहर शामिल हैं। इसके अलावा क्षतिग्रस्त ग्यारह के वी ए बी सी को ओवरहेड कन्डक्टर में बदलने के कारण प्रातरापुर, ब्रिचगंज, ब्रुक्शाबाद और चक्करगांव के कुछ भागों में कल सुबह सात बजे से शाम तीन बजे तक बिजली की कटौती की जाएगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित जीडीएमएस प्राथमिक स्कूल में प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के लिए शतरंज कोचिंग कक्षाओं का उद्‌घाटन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में क्षेत्र में शतरंज के विकास के लिए व्यापक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उद्‌घाटन कार्यक्रम में शतरंज के नोडल अधिकारी बी निलैय्‌या, स्कूल के प्रधानाचार्य विलफ्रेड रिचफील्ड, शतरंज चैम्पियन आर कस्तूरी बाई एवं खेल विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

<><><><><><><>